
**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहारनपुर की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(DWSM)समिति की दिनांक 11.11.2024 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 11.11.2024 को जिलाधिकारी महोदय, अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहारनपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

1. श्री सुमित राजेश महाजन, मुख्य विकास अधिकारी, सहारनपुर।
2. उपजिलाधिकारी, नकुड, सदर एवं बेहट।
3. तहसीलदार रामपुर मनिहारन।
4. श्री योगेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
5. श्री अनुज कुमार, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
6. श्री शैंकी देव, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
7. श्री सौरभ गुप्ता, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
8. श्री अमित कुमार, अवर अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
9. श्री शीलम शंकर, टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI), सहारनपुर।
10. श्री भंवर सिंह, महा प्रबन्धक, मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर।
11. श्री प्रमोद मौर्य, परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर।
12. श्री सुधीर कुमार, परियोजना प्रबन्धक, मै0 बाबा-जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) सहारनपुर द्वारा जिलाधिकारी महोदय को एजेन्सी वार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया, बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्मो की प्रगति एवं पुर्नस्थापित सड़को पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा अधिशासी अभियन्ता को प्रगति में अपेक्षित सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी)**



MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\1

EE

Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं जनपद में तैनात समस्त फर्मो द्वारा कराये गये कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 30 दिसम्बर तक की (आज से प्रत्येक 15 दिन की कार्ययोजना)अग्रिम तीन दिनों में प्रस्तुत करेगें यथा सड़क पुर्नस्थापना, पाईप लाईन, अवर जलाशय, गृह संयोजन एवं अन्य कार्यो का लक्ष्य निर्धारित कर प्राप्ति हेतु कार्य योजना आगामी 03 दिवस में अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी/ मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0/ मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0/मै0 जी0ए0 बाबा)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 द्वारा पेयजल योजनाओं में कराये गये सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 127 नग पेयजल योजनाओं में 184 राजस्व ग्राम सम्मिलित है जिनमें से 101 नग पेयजल योजना में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा 06 नग योजना में पाईप लाईन टेस्टिंग कराते हुये सड़क पुर्नस्थापना का कार्य प्रगति पर है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 88 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में कराये गये कार्यो का फर्मो द्वारा सड़क पुर्नस्थापना के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिये गये है उसका प्रमाण पत्र ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान से सत्यापित कराते हुये खण्ड कार्यालय में जमा कराने के उपरांत ही भुगतान सम्बन्धी कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी/ मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0/ मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0/मै0 जी0ए0 बाबा)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में मै0 एन0के0जी0 प्राईमस् (जेवी) के द्वारा कराये जा रहे निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के समस्त घटको यथा सड़क पुर्नस्थापना, पाईप लाईन, अवर जलाशय, गृह संयोजन एवं अन्य कार्यो की प्रगति अत्यन्त धीमी होने के कारण असंतोष व्यक्त किया गया एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि 15 दिवस में पेयजल योजनाओं के कार्यो का लक्ष्य निर्धारित कर प्राप्ति हेतु कार्य योजना आगामी 03 दिवस में अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जे0वी0)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जेवी) के द्वारा कराये जा रहे निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के समस्त घटको यथा सड़क पुर्नस्थापना, पाईप लाईन, अवर जलाशय, गृह संयोजन एवं अन्य कार्यो की प्रगति अत्यन्त धीमी होने के कारण असंतोष व्यक्त किया गया एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि फर्म सक्षम उच्चाधिकारी को आगामी 03 दिवस में जिलाधिकारी महोदय से वार्ता हेतु उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा जे0वी0)**

EE

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\2

Scanned with OKEN Scanner

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के जलकल प्रांगण में आवश्यक मिटटी भराव हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर मिटटी की उपलब्धता सुनिश्चित कर जलकल प्रांगण में भराव हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया।

**( कार्यवाही समस्त उपजिलाधिकारी/ अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0/ मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0/मै0 जी0ए0 बाबा)**

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के समस्त कार्यों को समय से पूर्ण करने हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं समस्त फर्मो को निर्देशित किया गया एवं विपरित परिस्थिति में सम्बन्धित फर्मों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी/ मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0/ मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0/मै0 जी0ए0 बाबा (जेवी0))**

**जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये दिशानिर्देश :-**

- एक माह से पूर्व तोडी/काटी गई सड़को को शीघ्र ही माइक्रो प्लानिंग के साथ मानव क्षमता बढाते हुये सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कराये।
- पेयजल योजनाओं में की जा रही है पेयजलापूर्ति क्लोरीन युक्त की जायें।
- यदि निर्माण कार्य कराने में किसी स्तर पर समस्या हो रही है तो अधिशासी अभियन्ता के माध्यम से अवगत कराये जायें।
- समस्त फर्मो द्वारा निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं मे प्रत्येक 15 दिवस का लक्षित वर्क प्लान प्रस्तुत कर कार्यो को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

समीक्षा बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

**(भंवर सिंह)**
**मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0**
**सहारनपुर**

**(प्रमोद मौर्य)**
**मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0**
**सहारनपुर**

**(शैलेम शंकर)**
**टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI),**
**सहारनपुर**

**(सुधीर कुमार)**
**मै0 बाबा-जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)**
**सहारनपुर**

**(योगेश कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**

**(सुमित राजेश महाजन)**
**मुख्य विकास अधिकारी,**
**सहारनपुर**

**(मनीष बंसल)**
**जिलाधिकारी, सहारनपुर**

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\3

Scanned with OKEN Scanner